राष्ट्रीय संयोजक यति नरसिंहानन्द सरस्वती महाराज प्रेस वार्ता करते हुए।




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने जारी अपने संदेश में पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वही देश और समाज आगे बढते हैं जहां गुरूजनों का सम्मान होता है। हमें अपने गुरूजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाना है।

### बेरोजगार युवक ने फंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली

**संवाददाता** देहरादून। मधुबन कॉलोनी नियर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक माजरी माफी निवासी संजय सिंह नेगी ने शुक्रवार सुबह फंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। 30 वर्षीय संजय कोरोना संक्रमण प्रकोप से हुए लॉक डाउन के कारण बेरोजगार हो गया था। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि माजरी माफी में किसी व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान संजय सिंह नेगी पुत्र राजेश सिंह नेगी के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि संजय अविवाहित था।

### डीएवी पीजी कॉलेज के प्राध्यापक कोरोना संक्रमित पाए गए

**संवाददाता** देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज के एक और प्राध्यापक डॉ प्रशांत सिंह कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमित पाए गए। प्राचार्य डॉ अजय सक्सेना ने पूर्व में ही महाविद्यालय में एक कोविड–एडवाइजरी कमेटी गठित की थी, कमेटी ने सिफारिश की है कि पिछले दिनों डॉ प्रशांत सिंह के संपर्क में जितने भी लोग आए हैं उन्हें सभी को अपना कोरोना वायरस कोविड–19 टेस्ट कराना चाहिए।

### मस्जिद व मदरसा पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप

**संवाददातां** देहरादून। आम आदमी पार्टी की नेत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता रजियाबेग ने कहा है कि किशनपुर स्थित मस्जिद व मदरसा पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने का पुरजोर विरोध किया जायेगा। कचहरी स्थित अपने चैम्बर में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि 159 राजपुर रोड देहरादून मौजा जाखन तहसील सदन में खसरा 338 पुराना व नया खसरा नंबर 541 से 543 आबादी मस्जिद किशनपुर के नाम से 1345 फसली व 1400 फसली के अनुसार दर्ज है और उक्त संपत्ति पर 1937 से मस्जिद स्थित है।

# उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में लिया गया अहम फैसला

**कैबिनेट की बैठक**

■ उपनल के जरिए पूर्व सैनिक या उनके परिजनों के अलावा अन्य लोगों को भी मिल सकेगी नौकरी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लिया गया है। अब उपनल के जरिए पूर्व सैनिक या उनके परिजनों के अलावा अन्य लोगों को भी नौकरी मिल सकेगी। इसके साथ ही जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की एडवांस बुकिंग के एक करोड़ 85 लाख रुपये पर्यटकों को वापस करने होंगे। दरअसल, कोरोना संक्रमण के चलते फिलहाल, टाइगर रिजर्व बंद किया गया है।

**30 प्रस्तावों पर चर्चा:** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जबकि 28 प्रस्ताव मुहर लगाई गई। विधानसभा सत्र की वजह से इन्हें ब्रीफ नहीं किया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि राजकीय महाविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी की अवधि एक साल बढ़ाई गई। इससे 257 शिक्षकों को लाभ मिलेगा।



**कैबिनेट के अन्य फैसले**

■मेडिकल कालेज में साइकेट्रिस्ट सोशल वर्कर सेवा नियमावली को मंजूरी।

■उत्तराखंड नागरिक सुरक्षा नियमावली में संशोधन को मंजूरी।

■कृषि और उद्यान विभाग के शासन स्तर पर हुआ एकीकरण।

■आइटी पॉलिसी में संशोधन, मोबाइल टावर लगाने के लिए सरकार निजी कंपनियों को देगी 40 लाख रुपये। सीमांत क्षेत्रों को होगा फायदा।

■जूना अखाड़ा महादेवी मंदिर के अंतर्गत आने वाले माया देवी मंदिर और भैरव देवी मंदिर की ऊंचाई बढाये जाने को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

■देहरादून के मेहरे गांव में शहीद के नाम पर बनने पेट्रोल पंप में नियमों में दी गयी छूट।

■उत्तर प्रदेश श्रम नियमावली को उत्तराखंड कैबिनेट ने सुधार को दी मंजूरी।

■कोविड में विधानसभा सदस्यों के वेतन भत्ते कटौती का विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा।

■केदारनाथ धाम में हेलीपैड के विस्तारीकरण प्रस्ताव को मंजूरी, चिनूक हेलीकॉप्टर को उतारा जा सकेगा केदारनाथ में।

■खरसाली से यमनोत्री रोपवे निर्माण में निर्माण कंपनी का बकाया सरकार देगी, सरकार करवाएगी निर्माण।

■पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को छूट देने के लिए पर्यटक प्रोत्साहन कूपन योजना के प्रस्ताव को मंजूरी, पर्यटक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत एक हजार रुपये की छूट मिलेगी।

### 5 एवं 6 सितम्बर को अधिष्ठान बंद रखने के निर्देश

देहरादून। कोरोना वायरस, कोविड–19 संक्रमण का राज्य भर में प्रकोप होने के कारण नये संक्रमित व्यक्ति चिह्नित हो रहे हैं। वर्तमान में कोविड–19 महामारी का प्रभाव दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिस कारण राजकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों में महामारी फैलने का अन्देशा हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट अधिष्ठान में कार्यरत कार्मिक कोविड–19 संक्रमित हो गया है। कलेक्ट्रेट अधिष्ठान में बाहरी व्यक्तियों का अत्यधिक संख्या में विभिन्न कार्यों के लिए आवागमन होता है। ऐसी स्थिति में उक्त महामारी की रोकथाम हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए 5 एवं 6 सितम्बर को अधिष्ठान बंद रखने के साथ ही 07 सितम्बर 2020 से बाहरी व्यक्तियों के कलेक्ट्रेट अधिष्ठान में प्रवेश को आगामी आदेशों तक प्रतिबन्धित किया गया है। डीएम डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है यदि किसी व्यक्ति को कोई प्रार्थना पत्र आदि देना है तो वे ई–मेल आईडी पर भेज सकता है अथवा आपदा प्रबन्धन विभाग में रखे गये ड्राप बाक्स में डाल सकता है तथा प्राप्त होने वाले पत्र/डाक को 3 दिनों के बाद खोलने के उपरान्त ही आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# कोरोना से घबराने की बजाय सावधान रहेः विस अध्यक्ष

**वितरण**

■ इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के लिए विधानसभा के समस्त कर्मियों को आयुष किट वितरित की

देहरादून। **संवाददाता**

विधानसभा परिसर देहरादून में आज उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत शरीर की इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के लिए विधानसभा के समस्त कर्मियों को आयुष किट वितरित की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना से घबराने की बजाय सावधान रहे और संयम से अपनी दिनचर्या को पूरा करे तो सभी इस बीमारी से बच सकते है और इसके प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधानसभा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को आयुष किट वितरित की गई साथ ही आयुष डॉक्टरों के माध्यम से किट में रखे गये काढ़ा का सेवन करने एवं दवाइयों को प्रयोग में लाने संबंधी बातों से भी अवगत किया गया। आयुष किट में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजें शामिल की गई हैं. इसमें विशेष प्रकार का काढ़ा और आयुर्वेदिक गोलियां शामिल हैं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना करने के साथ–साथ हम सबको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए प्रतिदिन योगासन, प्राणायम को जीवन शैली में शामिल करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने साथ ही हल्दी युक्त गुनगुना दूध और गर्म पानी पीने की भी सलाह दी।

इस अवसर पर विधायक खजान दास, विधायक उमेश शर्मा काऊ, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, विधानसभा के प्रभारी सचिव मुकेश सिंघल, आयुर्वेदिक डॉ हरिमोहन त्रिपाठी, होम्योपैथिक डॉ विनोद शर्मा, उपसचिव चंद्र मोहन गोस्वामी, वरिष्ठ निजी सचिव अजय अग्रवाल, अनु सचिव नरेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैः कांग्रेस

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश जोशी ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण एक महामारी है। उन्होंने कहा कि आज कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे है कोरोना वायरस कोविड 19 अब कम्यूनिटी पर हमला करने लगा है। इससे बचने के उपाय युद्धस्तर पर होने चाहिए थे जो कहीं दिखाई नहीं दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून में अभी तक सैनिटाइजेशन का कार्य भी पूर्ण रूप से नहीं हो पाया है और राजधानी देहरादून का ये हाल है तो सम्पूर्ण उत्तराखंड की कल्पना करना बेमानी होगा।

### राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय बोली भाषा भिन्नः ध्यानी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी ने कहा है कि पृथक उत्तराखंड राज्य हमने बलिदानों एवम मातृ–युवा शक्ति के संघर्षों के बदौलत मिला है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इन 20 वर्षो में अभी तक कि सरकारों ने राज्य के संसाधनों को भी बाहरी व्यक्तियों के हवाले कर दिये गये है। इसी तरह से राज्य के 70 डाक घरों में बिहार और झारखंड के लोगो को नियुक्तियां दी गयी है। जो चमोली रुद्रप्रयाग जनपदो में नियुक्तियां मिली है। जिसका दल घोर विरोध करता है तथा साथ ही दल विरोध स्वरूप दल के आठ सांसदों को घोर आपत्ति पत्र कल पांच सितमब्र को भेजेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही प्रधानमंत्री को भी पत्र भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि दल का स्पष्ट मानना है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय बोली भाषा भिन्न है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।